हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–189 : जौनपुर, शनिवार 30 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने दिखाई हरी झंडी : अयोध्या भेजे गए गोमय दीप

लखनऊ ब्यूरो : अयोध्या में भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार करीब सात लाख दीये जलाए जाएंगे। शनिवार को दीप प्रज्वलन हेतु गौमय दीपों को अयोध्या ले जाने वाले वाहनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। नगर में दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव सिंचाई व जिले के नोडल अधिकारी टी वेंकटेश ने शुक्रवार को राम की पैड़ी, सरयू घाट व रामकथा पार्क में दीपोत्सव को लेकर चल रहे कामों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपोत्सव की तैयारियों के लिए चल रहे सारे काम हर हाल में 31 अक्तूबर तक पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने रामकथा पार्क में अतिथियों के लिए बन रहे मंच को देखा और व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। राम की पैड़ी पर चल रहे कार्यों को देखा। कहा कि पैड़ी की सुंदरता व सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। दीपोत्सव के दिन तीन नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित अन्य अतिथि सरयू तट पर मां सरयू की आरती करेंगे।



इसको लेकर की जा रही तैयारियों को भी नोडल अधिकारी ने देखा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपोत्सव की भव्यता में कहीं कोई कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नीतीश कुमार, सीडीओ अनीता यादव, एसएसपी शैलेश पांडेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## यूपी में कोरोना के कुल 107 मामले सक्रिय : 39 जिलों में एक भी केस नहीं

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में कोरोना एक्टिव केस की संख्या 107 है। 39 जनपदों में एक भी एक्टिव केस नहीं है। प्रदेश में विगत 24 घंटे में हुई 01 लाख 64 हजार 292 सैम्पल की टेस्टिंग में 08 जिलों में 20 नए संक्रमित मरीज पाए गए, जबकि 10 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। प्रदेश में अब तक 16 लाख 87 हजार 145 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में अब तक 13 करोड़ 01 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में 9 करोड़ 78 लाख से अधिक लोगों को पहली डोज मिल चुकी है, जबकि 03 करोड़ 22 लाख से अधिक लोगों ने टीके की दोनों डोज प्राप्त कर ली है। टीकाकरण के लिए पात्र 21.87 फीसदी प्रदेशवासी पूरी तरह टीकाकवर प्राप्त कर चुके हैं। 66.40 फीसदी लोगों ने कम से कम एक डोज लगवा ली है। जनपद आगरा, अलीगढ़, औरैया, अयोध्या, बदायूं, बागपत, बलिया, बहराइच, भदोही, बिजनौर, बुलंदशहर, चन्दौली, चित्रकूट, देवरिया, इटावा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोंडा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कानपुर देहात, कासगंज, कुशीनगर, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, प्रतापगढ़, रायबरेली, संतकबीरनगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर और उन्नाव में कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं।

## मुंशी की पिटाई पर लेखपाल व वकील भिड़े : रोड जामकर किया प्रदर्शन

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी की सदर तहसील में दो दिन पहले वकीलों द्वारा लेखपाल के मुंशी की पिटाई मामले में दर्ज मुकदमे से आक्रोशित वकील लेखपाल के बीच कहासुनी के बाद विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर रिवाल्वर तान दी। इस दौरान वकीलों की संख्या बढ़ी तो सब ने मिलकर ओवरी के लेखपाल चंद्रसेन कनौजिया की अधिवक्ता धर्मेंद्र वर्मा व अनुराग ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। विवाद यहीं नहीं थमा वकीलों ने करीब एक घंटे तक रोड जाम कर प्रदर्शन किया जिस पर पुलिस ने वकीलों की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज किया। इस दौरान जहां शहर के अंदर से निकले लखनऊ फैजाबाद मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही व वहीं कई थानों की पुलिस व अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। मौके पहुंचे एडीएम राकेश सिंह व एएसपी दक्षिणी मनोज पांडे



ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। मगर एफआईआर की नकल की मांग करते हुए वकीलों ने प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान सीओ सिटी सीमा यादव व सीओ सदर रामसूरत सोनकर तहसील पहुंचे। मामले की जांच की जा रही है।

## 800 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार एक फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चन्दवक थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रात चन्दवक पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी से 800 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया जबकि एक मौके से फरार हो गया है पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के ऊपर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत शुभम तोदी के नेतृत्व में जमानती अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए वाहन चेकिंग के दौरान थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुखबीर की सूचना पर पुलिस द्वारा अभियुक्त मौजम अहमद पुत्र जहीर अहमद निवासी बैरीडीहा थाना देवगाँव जनपद आजमगढ को स्कॉर्पियो गाड़ियों के साथ गोमती नदी पुल के पास से पकड़ा गया। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान गाड़ी से लगभग 800 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर गोवध निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।इस संबंध में शनिवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के तहत चंदवक पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो को पकड़ा गया जिसमें 800 किलो प्रतिबंधित मास पाया गया साथ ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार भी किया गया है जबकि एक भागने में सफल रहा है दोनों अभियुक्त आजमगढ़ के हैं। जो मांस लेकर वाराणसी की तरफ जा रहे थे। दोनों के ऊपर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बुलेट गाड़ियों में साइलेंसर के पीछे रबड़ लगा कर चलने वाले गाड़ियों हुई चेकिंग : निकलवाया गया रबड़

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा "थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने व आगामी त्योहार दीपावली/छठ पूजा व यातायात व्यवस्था /ध्वनि प्रदूषण मुक्त बनाने" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व श्री सोनम कुमार , पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री विमल कुमार सिंह , क्षेत्राधिकारी कोतवाली के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 29 अक्टूबर 2021 को थाना क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व ध्वनि प्रदूषण मुक्त/शांति व्यवस्था स्थापित करने व अपराध की रोकथाम व त्यौहार दीपावली/छठ पूजा को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत श्री रणधीर कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना राजघाट जनपद गोरखपुर द्वारा मय फोर्स उ0नि0 शम्भू प्रसाद शाहनी, उ0नि0 विनोद कुमार, उ0नि0 उ0नि0 भागवत चौधरी, उ0नि0 पुरुषोत्तम आनन्द के साथ थाना क्षेत्र में



बुलेट मोटरसाइकिलो के साइलेंसर के पीछे रबड़ लगा कर आम जनमानस में दबदबा बनाने के उद्देश्य चलने वाले मोटरसाइकिल गाड़ियों की चेकिंग किया गया तथा बुलेट मोटरसाइकिल गाड़ियों के पीछे लगे रबड़ को निकलवाया गया।

## बदसलूकी करते हैं पुलिस कर्मचारी तो एडीजी को दीजिए सूचना, हेल्प लाइन नंबर हुआ जारी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जोन में पुलिसकर्मियों की बदसलूकी की शिकायतों को एडीजी जोन अखिल कुमार ने गंभीरता से लिया है। कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता की रामगढ़ताल इलाके के होटल में हत्या का मामला हो या फिर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली जिला महिला अस्पताल कर्मचारी सुहाना की मौत का प्रकरण, हर केस में दाग वर्दी पर लगे हैं। दोनों घटनाओं में आरोपित चार दरोगाओं और एक इंस्पेक्टर सहित कुल सात पुलिस वाले जेल में बंद हैं। ऐसे मामलों के सामने आने के बाद एडीजी जोन अखिल कुमार ने नई व्यवस्था बहाल की है। क्या है एडीजी की व्यवस्था, आमजन को कैसे मिलेगी मदद। जोन के सभी थानों में दागदार छवि वाले पुलिस कर्मचारियों की सूची तैयार कराई जा रही है। एडीजी के निर्देश पर सभी जिलों के पुलिस प्रमुख थानावार इलाके में बदनाम और जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस वालों की जानकारी जुटा रहे हैं। उधर एडीजी ने आम लोगों से भी अपील की है कि अगर उन्हें किसी दागी पुलिस वाले की जानकारी है तो वह उनके (एडीजी) सीयूजी नंबर 9454400141 पर व्हाट्सएप करके कोई भी गोपनीय सूचना दे सकते हैं। व्यवस्था से मिलेगा फायदा, चिन्हित होंगे पुलिस कर्मचारी। एडीजी ने बताया कि सभी जिलों में दागी पुलिस वालों की सूची तैयार की जा रही है। आम जनमानस के साथ भी दुर्व्यवहार और वसूली करने वाले पुलिस वालों की जानकारी देने के लिए सीयूजी नंबर 9454400141 पर व्हाट्सएप मैसेज भेज सकते हैं। ऐसे लोगों का नामकृपता भी गोपनीय रखा जाएगा। एडीजी की मंशा है कि पहले से ऐसे पुलिस वालों को पहचान करके जांच कराकर कार्रवाई की जाए। ताकि यह समस्या न रहे। दागी पुलिस वालों की सूची तैयार की जा रही है। आम जनमानस के पास भी दुर्व्यवहार, वसूली करने वाले पुलिस वालों की जानकारी है तो वह उनके सीयूजी नंबर पर व्हाट्सएप संदेश भेजकर दे सकते हैं। अखिल कुमार, एडीजी, गोरखपुर

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी द्वारा शनिवार दोपहर जिला जेल का औचक निरीक्षण किया किया गया ।करीब आधे घंटे तक जेल में निरीक्षण अभियान चला । इस दौरान जेल में अफरा–तफरी मची रही। अचानक जेल में हुई छापेमारी से हड़कम मच गया। निरक्षण के दौरान जिले के अन्य थानों की फोर्स पीएससी शहर कोतवाल अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक देहात शैलेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे ।जेल निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी मनीष कुमार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जेल के अंदर सब कुछ ठीक है। सभी बैरकों की जांच की गई कही कोई कमी नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि यह चेकिंग हर महीने में एक बार किया जाता है ।आज इसी क्रम में जेल के अंदर बैरक से लेकर किचन तक की तलाशी ली गई ।सभी चीजें व्यवस्थित मिली और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।



## सड़क हादसे में 70 भेड़ों सहित दो चरवाहों की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के आजमगढ़–वाराणसी मार्ग पर शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में 70 भेड़ों सहित दो चरवाहों की मौत हो गई। हादसा देर रात करीब तीन बजे हुए। हादसे से क्षेत्र में हलचल मच गई। घटना के कारण सड़क जहां खूनी हो गईं, वहीं देखने वालों के रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं। बिहार में बाढ़ के कारण चरवाहे पूर्वी उत्तर प्रदेश में भेड़ों को चराने के लिए आ जाते हैं। इस दौरान रोहतास (बिहार) निवासी चरवाहों की चार टोलियां इसी साल जुलाई महीने में ही जौनपुर आई थीं। वे करीब सौ भेड़ों की टोली के साथ वापस घर लौट रहे थे। शुक्रवार की रात पौने तीन बजे जौनपुर जिले के थाना गद्दी मार्ग से चंदवक की ओर से गाजीपुर–सैदपुर मार्ग से बिहार अपने घर के लिए निकले थे। इस दौरान चंदवक गोमती पुल पर अज्ञात वाहन की चपेट आ गए। इससे 70 भेड़ों के साथ दो चरवाहे राजगीर(50) निवासी छित्तन



डेहरा कोचस (रोहतास) और जगदम्बा(35) पुत्र रोगीपाल निवासी खजरा मोहनियां की मौत हो गई ।घटना की सूचना पर शनिवार भोर में पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## धनतेरस व दीपावली पर यातायात रहेगा परिवर्तित

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : धनतेरस एवं दीपावली पर्व के अवसर पर महानगर क्षेत्र गोरखपुर के विभिन्न स्थलों/मुहल्लों/बाजारों में मिष्ठान व शर्राफा की दुकानों पर भारी संख्या में पुरूष एवं महिलाएं एकत्रित होकर उक्त त्यौहार को शुभ मानते हुए खरीदारी करते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 02.11.2021 से 04.11.2021 को प्रातः10:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक निम्न प्रकार यातायात डायर्वजन/प्रतिबंधित किया जाता है मदीना मस्जिद तिराहा से शाह मारूफ रास्ते से सभी प्रकार के तीन व चार पहिया वाहनों व रिक्शा प्रतिबंधित रहेगें। अलहदादपुर तिराहे से घंटाघर की तरफ रायगंज होते हुए सभी प्रकार के तीन व चारपहिया वाहन व रिक्शा उक्त अवधि मे प्रतिबंधित रहेगें। नार्मल टैक्सी स्टैण्ड से घंटाघर मार्ग पर जाने वाले सभी प्रकार के तीन व चारपहिया वाहन तथा रिक्शा उक्त अवधि में प्रतिवंधित रहेगें। कचहरी चौराहा/शास्त्री चौक से घोष कम्पनी चौराहा होकर रेती चौराहा व घोष कम्पनी चौराहा से नक्खास चौक एवं टाऊन हाल से ए0डी0 चौराहा तक के मार्ग पर सभी प्रकार के तीन व चारपहिया वाहन तथा रिक्शा प्रतिबंधित रहेगें। गणेश चौराहा से विजय चौराहा तथा विजय चौराहासे ए0डी0 चौराहा व अली नगर चौराहा तक के मार्ग पर जाने वाले सभी प्रकार के तीन व चारपहिया वाहन तथा रिक्शा प्रतिबंधित रहेगें ।बरफखाना तिराहा से बसंतपुर चौराहा,घंटाघर चौराहा एवं लाल डिग्गी तक के मार्ग पर सभी प्रकार के तीन व चार पहिया वाहन तथा रिक्शा प्रतिबंधित रहेगें ।सुमेर सागर तिराहा से विजय चौराहा एवं जटाशंकर तिराहा से अली नगर चौराहा तक सभी प्रकार के तीन व चार पहिया वाहन तथा रिक्शा प्रतिबंधित रहेगें। 8. दुर्गाबाड़ी चौराहा से चरनलाल चौक की तरफ सभी प्रकार के तीन व चार पहिया वाहन तथा रिक्शा प्रतिबंधित रहेगें ।सभी प्रकार के राजकीय एवं प्राईवेट भारी वाहन नौसढ़, टीपी नगर चौराहा, पैडलेगंज, मोहद्दीपुर चौराहा होते हुए चारफाटक ओवरब्रिज से चौकी कौवाबाग वाईपास मार्ग से पादरी बाजार चौकी चौराहा ,फातिमा अस्पताल,खजांची चौराहा होते हुए भगवान पुर से बरगदवा होकर फरेन्दा–सोनौली की ओर जायेगें। इसी प्रकार फरेन्दा,पीपीगंज से आने वाले समस्त भारी वाहनों को बरगदवा से फर्टिलाईजर,झुगिया होते हुए खजांची चौराहा से फातिमा अस्पताल,पादरी बाजार चौकी,कौवाबाग बाईपास मार्ग से चारफाटक ओवरब्रिज ,मोहद्दीपुर होते हुए देवरिया व कुशीनगर एवं पैडलेगंज,टीपीनगर,नौसढ़ से बाहर जाएगें ।रोडवेज/एम्बुलेंस जैसे वाहनों को आने–जाने दिया जायेगा ।कचहरी चौराहा से गणेश चौराहा की ओर, जीएम पोस्ट आफिस तिराहा से गणेश चौराहा, तमकुही तिराहा से कचहरी चौराहा, विजय चौराहा से गणेश चौराहा, अग्रसेन तिराहा से विजय चौराहा की तरफ चार पहिया, लोडर एवं आटो रिक्शा का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। चार पहिया/दो पहिया वाहन चालक अपने वाहन को दिये गये पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़ा करके खरीददारी करे– 1–सिटी माल के के सामनें, 2–सिनेमा रोड पर यूनाइटेड टाकीज के सामने, 3–बिस्मिल पार्क, 4–कचहरी टाउनहाल का मैदान, 5–जलनिगम।

## छात्राओं ने बनाई रंगोली

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के बीएड के छात्रों के माध्यम से रामभरोसे मौकूलाल इंटर कालेज के छात्रों को मिला अवसर, अपना हुनर दिखाने के लिए। रामभरोसे कॉलेज के शिक्षकों ने कहा कि इन बच्चो को अवसर व उचित दिशा निर्देश की





आवश्यकता है,प्रतिभा इनमे कूट कूट कर भरी हुई है। सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते है ऋ बी बी ए यू, रिसर्च स्कॉलर। ( जयवीर सिंह,नेहा चौधरी,राहुल बाल्मीकि, कोमल शुक्ला इत्यादि) इस कार्यक्रम के संयोजक विनय कुमार, शुभि चौहान, शिवम गुप्ता,अनुराग शर्मा,पल्लवी गौतम,दीपा उराव, अनु उरांव इत्यादि छात्र रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
नीयत साफ रखें, नियति पूरा साथ देगी–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# नीरज चोपड़ा ने खोल दिया आगे का रास्ता

शनिवार का दिन भारतीय खेल के लिए स्वर्णिम दिन बनकर आया, जब नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। यह भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में नए अध्याय की शुरुआत है। नीरज चोपड़ा ने आगे का रास्ता खोल दिया है। अपनी उपलब्धि के जरिये वह न सिर्फ जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) में, बल्कि अन्य खेलों में भी दूसरे एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करेंगे। इससे दूसरे एथलीटों में भी आत्मविश्वास आएगा कि वे भी ओलंपिक में पदक जीत सकते हैं।

उन्होंने वह कर दिखाया है, जो भारतीय खेल इतिहास में अब तक नहीं हो पाया था। अब तक कोई भारतीय ट्रैक ऐंड फील्ड प्रतियोगिताओं में कोई पदक नहीं हासिल कर सका था। इसलिए नीरज चोपड़ा ने एथलेटिक्स में चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म किया है। नीरज चोपड़ा की यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उनकी इस जीत के साथ टोक्यो ओलंपिक में भारत ने कुल सात पदक जीते, जो किसी एक ओलंपिक में सबसे अधिक पदक लाने का भारत का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले 2012 के लंदन ओलंपिक में भारत ने छह पदक हासिल किए थे। एथलेटिक्स में हमारा सफर काफी संघर्षपूर्ण रहा है। पर मुझे नहीं लगता कि एथलेटिक्स में हम पिछड़े हुए हैं। कुछेक को छोड़कर हमारे ज्यादातर खिलाड़ियों ने टोक्यो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

जब इतनी बड़ी प्रतियोगिता होती है, तो उसमें थोड़ी–सी कमी की वजह से हम पदक हासिल करने से चूक जाते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम एथलेटिक्स में पिछड़े

हुए हैं। कुल मिलाकर टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। नीरज की इस ऐतिहासिक कामयाबी के पीछे उनके परिवार का त्याग, कोच की भूमिका तो थी ही, एथलेटिक फेडरेशन की भी बड़ी भूमिका थी। फेडरेशन उन्हें हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा था। ललित भनोत की अगुवाई में 10 साल पहले फेडरेशन ने जेवलिन थ्रो के एथलीटों को तैयार करने की जो मुहिम शुरू की थी, नीरज चोपड़ा को ओलंपिक में मिला स्वर्ण पदक उसी का नतीजा है। नीरज के लिए उवे हॉन जैसा कोच उपलब्ध करवाने में ललित भनोत की ही भूमिका है। उवे हॉन दुनिया के एकमात्र जेवलिन थ्रोअर हैं, जिन्होंने वर्ष 1984 में 104.80 मीटर जेवलिनथ्रो का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। मेरी समझ से जेवलिन के लिए उनसे श्रेष्ठ कोच दुनिया में नहीं होगा। नीरज के लिए उनका चयन एथलेटिक्स फेडरेशन ने ही किया। इसके अलावा नीरज को जो भी वैज्ञानिक, चिकित्सीय एवं तकनीकी सहायता की जरूरत थी, वह सब फेडरेशन ने उपलब्ध कराई।

यह ठीक है कि हम फिर भी दोहरे अंकों तक नहीं पहुंच पाए हैं, लेकिन इस बार के ओलंपिक में हमने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, यह बहुत बड़ी खुशी की बात है। जिस तरह से देश में खेलों का विकास हो रहा है, सरकारें खेलों का महत्व समझने लगी हैं, उससे उम्मीद है कि हम शीघ्र ही ओलंपिक में दोहरे अंक तक पहुंच जाएंगे। नीरज अभी मात्र 23 साल के युवा हैं और काफी प्रतिभावान हैं। अगर वह स्वस्थ रहते हैं, उन्हें किसी गंभीर चोट का सामना नहीं करना पड़ता है, तो अगले दो ओलंपिकों में वह और भी इतिहास रच सकते हैं। यह समझने की जरूरत है कि हमारे बहुत से खिलाड़ियों को कोविड की वजह से ठीक से प्रशिक्षण नहीं मिल पाया। आवाजाही संबंधी प्रतिबंधों के चलते विदेशी प्रतिस्पर्धाओं में भी वे हिस्सा नहीं ले सके।

प्रतियोगिता सबसे जरूरी है, क्योंकि उससे खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है। नीरज आज यहां तक पहुंचे हैं, तो उसकी एक वजह यह भी है कि उन्होंने काफी विदेशी प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लिया। जबकि डिस्कस थ्रो में फाइनल में पहुंचकर छठे स्थान पर रही कमलप्रीत कौर को इस वर्ष एक भी विदेशी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का मौका नहीं मिला। अगर उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में खेलने का मौका मिले, तो मुझे उम्मीद है कि अगले ओलंपिक में डिस्कस थ्रो में भी हमें स्वर्ण पदक मिलेंगे। कहने का मतलब यह कि जब हालात ठीक हो जाएंगे और हमारे खिलाड़ी अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेकर विदेशी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे, तो उनकी प्रतिभा में और भी निखार आएगा तथा अगले ओलंपिक में हम ज्यादा पदक जीत पाएंगे।

हालांकि यह भी मानना पड़ेगा कि जमीनी स्तर पर हमारे खिलाड़ियों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे हम नहीं उपलब्ध करा पाते। जो खिलाड़ी नाम कमा लेते हैं, उन्हें तो सुविधाएं दी जाती हैं, लेकिन जो शुरुआती संघर्ष के दौर में होते हैं, उन पर ध्यान नहीं दिया जाता, जबकि उन्हीं पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। स्कूल के स्तर पर ही अगर हम खिलाड़ियों पर खर्च बढ़ाएं, उन्हें खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएं, तो बहुत–सी नई खेल प्रतिभाएं सामने आएंगी। भले हम ऊपर के स्तर पर थोड़े खर्च घटा दें, लेकिन निचले स्तर पर खेल में ज्यादा निवेश करने की जरूरत है। स्कूली स्तर पर ही जो खेल प्रतिभाएं उभरती हैं, उन्हें सालाना वित्तीय मदद और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के बारे में सरकारों को सोचना चाहिए। इस संबंध में एक नीति बना लेनी चाहिए।

हरियाणा एवं कुछ अन्य राज्य सरकारें ऐसा कर भी रही हैं। महिला हॉकी टीम में जितनी भी लड़कियां हैं, वे लगभग सभी गरीब परिवारों से ताल्लुक रखती हैं। अब हरियाणा सरकार ने सबको 50–50 लाख रुपये देने की घोषणा की है, तो इससे उन्हें थोड़ी–बहुत मदद मिल जाएगी। इसलिए केंद्र सरकार को एक नीति बनानी चाहिए कि खिलाड़ियों को इतना पैसा हम देंगे और इतना पैसा राज्य सरकारें देंगी। ऐसा नहीं कि कोई राज्य एक करोड़ रुपये दे रहा है और कोई एक लाख। इनाम में एकरूपता होनी चाहिए। हॉकी की दोनों टीमों को तैयार करने में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने हॉकी टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए जो किया है, वैसा काम किसी ने नहीं किया। खिलाड़ियों को इस तरह का समर्थन सभी राज्य सरकारों को देना चाहिए और वह भी पदक जीतने के बाद नहीं, बल्कि पदक जीतने से पहले, ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। अगर राज्य सरकारों के पास फंड की कमी है, तो उन्हें खेल मंत्रालय से इस संबंध में संपर्क करना चाहिए, पर खिलाड़ियों की मदद के लिए उन्हें आगे आना होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# पेट्रोल डीजल की कीमतों में तेजी और बढ़ती महंगाई से जनता परेशान : बब्बू

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू ने क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसभाओं को संबोधित करके समाजवादी पार्टी के लिये समर्थन की अपील की।ग्राम विहट नेवादा में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बब्बू ने कहा कि पेट्रोल,डीजल तेजी और बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है।तेजी से बढ़ी महगांई ने सबके बजट को बिगाड़ दिया है और गरीब तबका सबसे ज्यादा कुपित है।वही डीजल और पेट्रोल की रोजाना बढ़ती कीमतों ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है।सरकार की गलत नीतियों से आजिज आकर अब जनता बदलाव चाहती है।आने वाले समय में यूपी में सपा सरकार बनेगी।जनता ने भाजपा से गद्दी छीनने का मन बना लिया है।पूर्व विधायक बब्बू ने कहा कि हम इंसानियत के पुजारी है और अच्छे कर्मों के साथ आप लोगो की सेवा में विश्वास करते है।मुझे बुजुर्गो के आशीर्वाद और युवाओं के साथ से ही ताकत मिली है और जीवन भर आप सबकी सेवा में ही कार्य करते रहेंगे।पूर्व विधायक बब्बू ने कहा कि जनता को सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है और भाजपा के कुशासन को देखते हुए



सर्वसमाज की जनता ने समाजवादी की सरकार बनाने की ठान ली है।अब जनता की अदालत में भाजपा के झूठ को सबक सिखाने का वक्त आ गया है अब यह भोली भाली जनता इनके अच्छे दिनों के सपने में नही फँसने वाली है।पूर्व विधायक ने विहट नेवादा में महात्मा बुद्ध और डॉ अम्बेडकर की मूर्तियों का अनावरण भी किया।जनसभाओं में 31 अक्टूबर को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के माधौगंज आगमन को लेकर सभी से बड़ी संख्या में पहुँचने की अपील भी की गई।पूर्व विधायक ने ग्राम पीला महुआ,अब्दुलबारी,रामपुर,हुसैनापुर,कुठवाँ में भी जनसभाओं को संबोधित किया।इस मौके पर प्रधान सतीश सिंह,रणजीत सिंह,संजय श्रीवास्तव,पूर्व प्रधान विशम्भर पाल, प्रधान धर्मेंद्र कश्यप,ठाकुर बड़क्के सिंह,रामसेवक,प्रभु सिंह,नन्हें त्रिवेदी, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# देश को अणुशक्ति की राह दिखाने वाले वैज्ञानिक डा. भाभा : मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारत में परमाणु शक्ति का विकास करने वाले महान वैज्ञानिक डा. होमी जहांगीर भाभा का जन्म 30 अक्टूबर 1909 को मुम्बई के एक पारसी परिवार में हुआ था। वे न सिर्फ एक महान वैज्ञानिक थे अपितु चित्रकार और संगीतज्ञ भी थे। उनके पिता जे. एच. भाभा तत्कालीन बम्बई के प्रसिद्ध वकील थे । बाद में वे टाटा के प्रतिष्ठान में एक उच्च पद पर नियुक्त हुए। डा. भाभा ने 15 वर्ष की अल्पायु में ही सीनियर कैम्ब्रिज की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा आइन्सटीन के सापेक्षवाद को पढ़ने में सफलता प्राप्त की। इसके बाद इंग्लैंड के कैंम्ब्रिज विवि में इंजीनियरिंग का अध्ययन प्रारम्भ किया। सन् 1930 में इंजीनियरिंग ट्राइपास का द्वितीय खंड प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद उन्होनें भौतिक विज्ञान के प्रसिद्ध प्रोफेसर पी. ए. एम. गइरेक व एन. एफ. आर. के पास सैद्धान्तिक भौतिक विज्ञान का अध्ययन करते रहे। लेकिन चित्रकला के प्रति भी उनकी रूचि बरकार रही। विशेषज्ञ रोजर फ्राई ने उनके चित्रों की प्रषंसा की । 1932 में डा. भाभा को टिनीट्रि कालेज से गणित की उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिली। 1932 में उन्हेनें ज्यूरिच के प्रो. डब्ल्यू पालि से गणित की शिक्षा ली। उन्होनें रोम में प्रो. ई. फार्मी के पास भी अध्ययन किया। यूरोप निवास के समय ही उन्हें वहां की की चित्रकला का ज्ञान प्राप्त करने का अवसर भी मिला। सन 1935 से 39 के बीच भाभा कैम्ब्रिज में विद्युत और चुम्बकीय विज्ञान पढ़ाते रहे। भौतिक विज्ञान के नवीन विषयों पर भाषण भी दिये। जिसमें कास्मिक किरण तथा सापेक्षवाद सरीखे गहन विषय भी शामिल थे। द्वितीय महायुद्ध प्रारम्भ होने के बाद वे पुनः विदेश नहीं गये। उन्होंने बंगलौर के भारतीय विज्ञान अन्वेषण में कार्य प्रारम्भ कर दिया। कास्मिक किरणों के संबंध में डा. भाभा के अन्वेषण बहुत महत्वपूर्ण हैं।

1945 में टाटा इंस्टीटयूट आफ फंडामेंटल रिसर्च की स्थापना होने पर डॉ. भाभा उसके निदेशक नियुक्त हुए। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लगभग सभी राष्ट्रों का ध्यान परमाणु शक्ति के विकास की ओर गया। भारत में शोध कार्यों के लिये परमाणु ऊर्जा के उत्पादन संबंधी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित गया। डा. भाभा इसके अध्यक्ष बनाए गए । भारत को अणुशक्ति सम्पन्न देश बनाने में डा. भाभा का योगदान बेहद महत्वपूर्ण था। डा. भाभा के प्रयासों से ही भारत अणुशक्ति उत्पादक देशों में स्थान पा सका है। अणु शक्ति उत्पादन के लिए बम्बई के निकट ट्राम्बे में एक विषिष्ट संस्थान डॉ भाभा देखरेख में स्थापित किया गया। 1956 में आणविक रिएक्टर अप्सरा ने काम प्रारम्भ किया। इसके निर्माण की समस्त व्यवस्था डा. भाभा ने अपनी देखरेख में करवायी। उनके प्रयत्नों से ही भारत में थोरियम से तैयार होने वाला यूरेनियम परमाणु शक्ति उत्पादन के लिए विदेशों से मंगाये जाने वाले ईंधन के समान ही उपयोगी सिद्ध हुआ और विदेश से यूरेनियम मंगाने की समस्या हल हो गयी। बिहार, राजस्थान और नैल्लोर में यूरेनियम उतपादक खनिज भी पाये गये। उन्होंने भारत को इस योग्य बनाया कि आवश्यकता पढ़ने पर हम अपनी रक्षा के लिए अणु बम भी बना सकें। पाकिस्तानी आक्रमण के समय देश की उत्तरी सीमा पर चीन की सरगर्मियों को देखते हुए उन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा सम्पन्न होने की घोषणा की तथा कहा कि भारत 18 माह में परमाणु परमाणु बम बना सकता है। डा. भाभा को असाधारण योग्यता के कारण देश – विदेश में बहुत सम्मान प्राप्त हुआ। भारत के सभी विष्वविद्यालयों ने उन्हें डी एस सी की उपाधि प्रदान की। 1955 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन के अध्यक्ष चुने गये। 1960 में इंग्लैंड की राजमाता ने उन्हें डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की। 1961 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये। इसी वर्ष राष्ट्रपति ने पदमविभूषण की उपाधि प्रदान की। 1964 में अफ्रीका व एशिया की विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये। 24 जनवरी 1966 को जेनेवा के हवाई अड्डे पर उतरने के पूर्व ही उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में डा. भाभा सहित 117 यात्री मारे गये। उनकी मृत्यु का समाचार फैलते ही देश में शोक की लहर दौड़ गयी। आज भी देश उस अनहोनी को स्वीकार नहीं कर पाया है।

# बसपा को बड़ा झटका, 6 विधायक सपा में शामिल : एक भाजपाई भी साइकिल पर सवार

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बसपा को बड़ा झटका लगा है। बसपा के छह विधायक शनिवार को सपा में शामिल हो गए। इन्हें अखिलेश यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई है। ये विधायक लंबे समय से अखिलेश के संपर्क में थे। वहीं, एक भाजपा विधायक ने भी सपा की सदस्यता ले ली। यूपी चुनाव से पहले यह बसपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उधर, सपा भाजपा की मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभर रही है और लगातार मजबूत होती नजर आ रही है। बसपा व भाजपा से आए विधायकों का अखिलेश यादव ने सपा कार्यालय में स्वागत किया और उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि बहुत लोग हैं जो सपा में शामिल होना चाहते हैं। चुनाव आने तक भाजपा 'भागता परिवार' ही रह जाएगी। इस चुनाव में भाजपा का सफाया होना तय है। उन्होंने भाजपा का घोषणा पत्र पढ़ा और कहा कि भाजपा ने किसानों से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया। न तो उनकी आय दोगुनी हुई और न ही ऐसे प्रयास हुए जिससे उनका जीवन बेहतर हो। अखिलेश ने कहा कि जनता में सरकार के प्रति आक्रोश है। महंगाई जबरदस्त तरीके से बढ़ रही है। भाजपा के लोग पन्ना प्रमुख बनाते हैं और अपने घोषणा पत्र का पन्ना पलटना भूल जाते हैं। अभी तक बच्चों को लैपटॉप और टैबलेट नहीं दे सके हैं। वहीं, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के बारे में अखिलेश ने कहा कि उनका सम्मान रखा जाएगा। वह भी हमारे ही साथ रहेंगे।

# ईडी ने जब्त की बसपा के पूर्व एमएलसी मो. इकबाल की 74 करोड़ की संपत्ति

लखनऊ ब्यूरो : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बसपा के पूर्व एमएलसी मोहम्मद इकबाल की देहरादून में 74 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। प्रवर्तन निदेशालय मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत पूर्व में मो. इकबाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चुका है। इकबाल पर आरोप है की 2010–2011 में अवैध तरीकों से संपत्ति अर्जित की है। इकबाल ने 2010–11 के दौरान प्रदेश सरकार की चीनी मिलों के विनिवेश की प्रक्रिया में नकली निदेशकों और नकली लेनदेन वाली विभिन्न मुखौटा कंपनियों के माध्यम से अवैध धन से सात चीनी मिलों को खरीदा था। इन सात चीनी मिलों को मार्च 2021 में पीएमएलए के तहत अटैच किया जा चुका है। प्रवर्तन निदेशालय के संयुक्त निदेशक राजेश्वर सिंह के मुताबिक जांच में यह पाया गया है कि मो. इकबाल और उनके परिवार के सदस्यों ने 2015 में कंपनी अधिनियम के तहत धोखाधड़ी की और सहारनपुर में बीएसएस एसोसिएट्स के नाम पर जमीन ली। इसके अलावा मोहम्मद इकबाल व उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में नकदी जमा की गई थी। इन्हें 2014–15 के दौरान ग्लोकल इंडिया इंडस्ट्रीज के खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था। अगले चरण में ग्लोकल इंडिया इंडस्ट्रीज के बैंक खाते में जमा धन को तुरंत स्थानांतरित कर दिया गया और ग्लोकल इंडिया इंडस्ट्रीज द्वारा बीएसएस एसोसिएट्स के शेयरों को खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया। इस प्रक्रिया में मो. इकबाल और अन्य ने न केवल कंपनी अधिनियम के तहत धोखाधड़ी की बल्कि उन्होंने देहरादून में बेनामी संपत्ति खरीदी। नकद जमा के अलावा ग्लोकल इंडिया इंडस्ट्रीज द्वारा बीएसएस एसोसिएट्स के शेयरों को खरीदने के लिए इस्तेमाल किए गए काले धन के उपयोग के लिए शेल कंपनियों का भी इस्तेमाल किया गया था।

# जातिगत आरक्षण व भ्रष्टाचार मुक्त हो भारत : राजेश अग्निहोत्री

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अनारक्षित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री एडवोकेट ने अपने कैंट रोड स्थित आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अनारक्षित वर्ग के संरक्षण हेतु किसी आयोग का गठन क्यों नहीं? केन्द्रीय बजट में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्थान हेतु भारी भरकम राशि का आवंटन किन्तु अनारक्षित वर्ग को फूटी कौड़ी भी क्यों नहीं? एस०सी० / एस0टी0 एक्ट में बिना जांच गिरफ्तारी क्यों एवं झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों को जेल तथा पीड़ितों को उचित मुआवजा क्यों नही? आन्दोलनरत अन्नदाताओं (किसानों) की मांगों पर अब तक कोई निर्णय क्यों नहीं ?विद्यार्थियों एवं बेरोजगार नौजवानों से प्रतिवर्ष प्रवेश एवं आवेदन शुल्क के नाम पर करोड़ों रूपयों की वसूली, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लिये बी०पी०एल० की वार्षिक आय सीमा मात्र रू0 27.200 /– एवं स० 33,300 /– ही क्यों जबकि क्यों ?रू० 5 लाख वार्षिक आय तक कोई टैक्स नहीं? अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण सुविधा पाने हेतु स० 8 लाख वार्षिक आय की अधिकतम सीमा किन्तु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए कोई सीमा क्यों नहीं? रू08 लाख वार्षिक कर योग्य




आय वाले व्यक्तियों को आरक्षण एवं अनेक सरकारी सुविधायें मुफ्त में मिल रहीं है तो इससे कम आय वाले व्यक्तियों से आयकर की वसूली क्यों? जी०एस०टी० के अन्तर्गत रू० 40 लाख से कम बिक्री तक की छूट किन्तु इससे कम बिक्री होने पर भी व्यापारियों से जी0एस0टी0 की वसूली एवं अनेक प्रकार के उत्पीड़न क्यों ? आजादी से लेकर अब तक सभी सरकारों व राजनैतिक पार्टियों की फूट डालो और राज करो की भेदभाव पूर्ण नीति ने देश की जनता को जाति, धर्म, मजहब, सम्प्रदाय, क्षेत्र भाषा आदि के आधार पर अनेक टुकड़ों में बांट देश की एकता, अखण्डता एवं सम्प्रभुता को गम्भीर खतरे में डाल दिया है। विषमताओं के कारण देश के गरीब, मजदूर, किसान, छात्र, बेरोजगार, नौजवान पूरी तरह त्रस्त हो चुके हैं।

# प्रदेश के 'आत्मसम्मान' और 'पहचान' को मुद्दा बनाएगी भाजपा, शाह ने दिया संकेत

लखनऊ ब्यूरो : अमित शाह ने शुक्रवार को यहां भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत के साथ ही कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की दिशा समझा दी। महंगाई, किसान आंदोलन व कोरोना प्रबंधन पर उठने वाले सवालों पर चल रहे असमंजसपूर्ण माहौल के बीच उन्होंने साफ कर दिया कि 2022 के चुनावी समर में भाजपा यूपी के आत्मसम्मान व पहचान के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी। इन पर बचे कामों को पूरा करने के लिए जनता से समर्थन मांगेगी। लोगों को भाजपा और गैर भाजपा की सरकारों का फर्क समझाकर उनके दिल में यह बात बैठाने का प्रयत्न होगा कि गैर भाजपा सरकारों के द्वारा प्रदेश की पहचान से हुए खिलवाड़ पर विराम लगाकर योगी सरकार ने किस तरह उत्तर प्रदेश के आत्मसम्मान व पहचान की वापसी के लिए काम किया। पर, अभी तमाम काम अभी बाकी है जिसके लिए 2022 में भी भाजपा की सरकार जरूरी है । कुछ इस तरह बिसात। गृहमंत्री ने खुद यह कहते हुए कि वह 2022 के चुनाव अभियान की शुरुआत करने आए हैं, जिस तरह हिंदुत्व के सरकारों से जुड़े स्थलों की पहले हो रही उपेक्षा और अब दिए जा रहे सम्मान का हवाला दिया, उससे साफ हो गया है कि उत्तर प्रदेश की पहचान के मुद्दे के सहारे भाजपा हिंदू आस्था से जुड़े स्थलों को लेकर गैर भाजपा सरकारों की उपेक्षापूर्ण नीति को मुद्दा जरूर बनाएगी । यह कहते हुए कि वह यहां आए हैं तो यह स्मरण कराना जरूरी समझते हैं कि 2017 के पहले लोग भूल गए थे कि उत्तर प्रदेश बाबा विश्वनाथ और भगवान राम, कृष्ण, भगवान बुद्ध, महाराजा सुहेलदेव और कबीर की भूमि है। लोगों को इसका एहसास केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद होना शुरू हुआ । आज अयोध्या में दिवाली हो रही है तो काशी में देवदीपावली और मथुरा में होली, तो यह साफ हो गया कि भाजपा ने 2022 के चुनावी तरकश में राम, कृष्ण और बाबा विश्वनाथ के सम्मान के मुद्दे वाले ब्रह्मास्त्र इस बार भी रख लिए हैं । उन्होंने यह कहकर कि प्रदेश में भाजपा ने सिद्ध किया है कि सरकारें परिवारों के लिए नहीं बल्कि गरीब से गरीब



व्यक्ति के लिए होती हैं, यह भी साफ कर दिया कि भाजपा के चुनावी असलहों में भ्रष्टाचार व परिवारवाद पर प्रहार के साथ गरीबों के लिए भाजपा सरकारों के कामों को शामिल कर चुनावी बिसात पर विपक्ष को निशाना बनाया जाएगा। सपा पर सर्वाधिक निशाना। शाह के निशाने पर वैसे तो कांग्रेस और बसपा भी रहे लेकिन उन्होंने ज्यादातर हमलों का फोकस सपा मुखिया अखिलेश पर ही रख साफ कर दिया कि मुख्य प्रतिद्वंदी सपा ही है । वरिष्ठ पत्रकार रतनमणि लाल कहते हैं कि यह प्रदेश की पहचान और आत्सम्मान के मुद्दे को धार देने की शाह की कोशिश ही है जो उन्होंने मोदी व योगी सरकार के काम भी गिनाए और विपक्ष को नाकारा साबित किया । मनोविज्ञान का यह प्रमुख सूत्र है कि लोगों को अगर उनके अतीत के कष्ट याद दिला दिए जाएं तो उन्हें वर्तमान की खूबियों और बदलाव का एहसास ठीक से होने लगता है । शाह ने 2017 से पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था सातवें नंबर पर होने की याद दिलाते हुए आज इसके दूसरे स्थान पर होने तथा 2022 में फिर से भाजपा को बहुमत मिलने पर 2027 तक पहले स्थान पर पहुंचाने की बात कही। स्थिरता से लेकर वादों पर अमल का भरोसा। राजनीतिक विश्लेषक यह भी मानते हैं कि राजनीतिक दलों के लिए जनता में विश्वास के लिए नीति, निर्णय, नीयत पर स्पष्टता के साथ नेतृत्व को लेकर भी तस्वीर भी साफ रहनी चाहिए । उन्होंने जहां 2017 के घोषणापत्र के 90 प्रतिशत से अधिक पूरे होने तथा शेष पर तेजी से काम चलने के उल्लेख के साथ अनुच्छेद–370 से लेकर राममंदिर निर्माण की भाजपा की प्रतिबद्धता का संदेश दिया वहीं, नरेन्द्र मोदी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने के लिए 2022 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को जरूरी बताया। अब इनके जरिये भाजपा, करीने से विपक्ष के विरोध व हमलों के सहारे चुनावी लड़ाई को 60 बनाम 40 बनाने की कोशिश करेगी। भाजपा को पता है कि उसकी चाल पर विपक्ष का चुप रहना मुश्किल होगा । उसे हमला करना ही होगा । जिन हमलों को लाभ भाजपा अपने वोटों को एकजुट करने के लिए कर सकेगी।

# दिवाली पर पूरे प्रदेश में हरित पटाखों को बेचने की अनुमति : वायु गुणवत्ता का अनुश्रवण करने के बाद सरकार ने लिया निर्णय

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सूबे के 27 शहरों में वायु गुणवत्ता का अनुश्रवण करने के बाद सरकार ने यह निर्णय लिया है कि दिवाली पर पूरे प्रदेश में ग्रीन यानी हरित पटाखे बेचे जा सकेंगे। इस बाबत अपर मुख्य सचिव शासन अवनीश कुमार अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव के मुताबिक सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि संबंधित क्षेत्र की वायु गुणवत्ता मॉडरेट अथवा बेहतर है तो वहां संबंधित प्राधिकारी द्वारा हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग अनुमन्य किया जा सकता है। इसी कड़ी में 27 शहरों में वायु गुणवत्ता का अनुश्रवण कराया जा रहा है। इस वर्ष जनवरी से सितंबर माह तक प्रदेश के समस्त शहरों जैसे लखनऊ, कानपुर, आगरा, सोनभद्र, गजरौला, गाजियाबाद, हापुड़, वाराणसी, नोएडा, फिरोजाबाद, झांसी, खुर्जा, प्रयागराज, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, रायबरेली, मथुरा, सहारनपुर, गोरखपुर, उन्नाव, ग्रेटर नोएडा, मुजफ्फरनगर, बागपत, बुलंदशहर, अलीगढ़ एवं



अयोध्या में वायु गुणवत्ता का स्तर मॉडरेट पाया गया। इस पर अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अधीन कोविड –19 महामारी की परिस्थिति के मद्देनजर प्रदेश में हरित पटाखों का विक्रय एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत उपयोग की अनुमति दी जाती है। इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि एनजीटी ने कहा था कि इन पटाखों का प्रयोग विशेष त्योहारों पर भी दो घंटे से ज्यादा नहीं किया जाना चाहिए जबकि क्रिसमस और न्यू ईयर पर तो केवल 35 मिनट ही इसकी अनुमति होनी चाहिए।

## वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कारागार, जौनपुर का वर्चुअल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्ववाधान में बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान कराने हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत की अध्यक्षता में 29 अक्टूबर 2021 को अपरान्ह 12:30 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कारागार, जौनपुर का वर्चुअल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण में डिप्टी जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1184 बन्दी है जिसमे 1124 पुरूष तथा 60 महिला बन्दी है, जेल अस्पताल में 26 बन्दी हैं, कोई भी गम्भीर रूप से बीमार नहीं है। वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में बताया गया कि 1015 बन्दियों को वैक्सीन की दोनों डोज दी जा चुकी है। किशोर बैरक में 52 बन्दी है इन सभी बन्दियों को वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। महिला बन्दियों गीता चौहान, पूनम गुप्ता, कंचन आदि से वार्ता कर समस्याओं के बारे में पूॅछे जाने पर कोई समस्या नही होना बताया गया। उनके साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन, पढ़ाई आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूॅछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कराते हुए बताया गया कि ऐसे गरीब, असहाय वर्ग के बन्दी जो धन के अभाव में अपने वादों की पैरवी हेतु वकील कर पाने में असमर्थ हो वह जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक अथवा कारागार अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर



में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। सजा पाये बन्दियों को समय से पूर्व रिहाई की जानकारी दी गयी, डिप्टी जेलर द्वारा बताया गया शासन द्वारा नियम संशोधित हो जाने के कारण समय पूर्व रिहाई के पात्र बन्दी नहीं हैं। सचिव द्वारा गिरफ्तार व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में बताया गया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की स्थिति में गिरफ्तारी के कारण की सूचना देना तथा जमानतीय प्रकृति के आरोप में पुलिस द्वारा तत्काल जामानत का प्रावधान व गैर–जमानतीय प्रकृति के आरोप में 24 घण्टे के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा गिरफ्तारी या निरूद्ध करने की सूचना आपके परिवारजन या निकटतम मित्र को लिखित में देना आवश्यक है। हिरासत के दौरान आपकी पसन्द के अधिवक्ता से विधिक राय हेतु मिलने या सलाह का अधिकार व गिरफ्तारी के पश्चात चिकित्सीय परीक्षण करवाने का अधिकार प्राप्त है। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरूद्ध बन्दियों के परिजन जेल प्रशासन को 72 घण्टे के अंदर आरटीपीसी आर जॉच रिपोर्ट दिखाकर जेल में निरूद्ध अपने परिजन बन्दी से मुलाकात कर सकेगे। सचिव द्वारा बन्दियों हेतु योगा सत्र के आयोजन तथा डेंगू जैसे रोग से बचाव हेतु बैरक व परिसर में फागिंग कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थी का पैसा शीघ्र ही उनके बैंक खाते में आ जायेगा : जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थी का पैसा शीघ्र ही उनके बैंक खाते में आ जायेगा। उन्हें किसी दलाल व बिचौलियें के पीछे दौड़ने–भागने की कोई जरूरत नही है। उन्होंने बताया कि द्वितीय किस्त 911 तथा तृतीय किस्त 611 लाभार्थियों को उनके स्वीकृत आवास का पैसा अवमुक्त करने हेतु आज शनिवार को अनुमोदन दे दिया गया है।परियोजना अधिकारी डूडा जौनपुर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा शनिवार को अनुमोदित द्वितीय किस्त के 911 तथा तृतीय किस्त 611 लाभार्थियों का डेटा पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड कराकर पैसा अवमुक्त करने हेतु सूडा लखनऊ को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि जियोटैग के सापेक्ष अवशेष लाभार्थियों को उनके आवास की किस्ते उनके खाते में भिजवाने के लिए उनका डेटा तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैसा प्राप्त करने के उपरान्त लाभार्थी अपना अंशदान शामिल करते हुए तुरन्त अपने आवास का निर्माण कार्य शुरू कराकर उसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। प्राप्त धनराशि का दुरूपयोग बिल्कुल नही होना चाहिए। परियोजना अधिकारी डूडा जौनपुर ने लाभार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि उन्हें दलालों एवं बिचौलियों से सावधान रहने की सख्त जरूरत है। पैसे के लिए किसी के पीछे भागने अथवा किसी को आवास के नाम पर एक पैसे देने की आवश्यकता नही है, क्योंकि यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है। इसके बावजूद यदि लाभार्थी किसी को पैसा देता है, तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति आवास के नाम पर दलाली करते हुए पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों से भी आग्रह किया कि वे अपनी–अपनी नगर निकायों में सक्रिय दलालों एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और अपने स्तर से नगर निकाय में व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए लाभार्थियों को सचेत भी करते रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन–2022 के संम्बन्ध में प्रेस वार्ता संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन–2022 के संम्बन्ध में प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेस वार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश ने बताया कि एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन करने की तिथि 01 नवम्बर 2021, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 01 नवम्बर 2021 से 30 नवम्बर 2021 तक, विशेष अभियान तिथियां 07, 13, 21, 27 नवम्बर 2021 नियत की गयी है। उन्होंने बताया कि दावे और आपत्तियों के निस्तारण की तिथि 20 दिसम्बर 2021 एवं निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 है। जनपद में पुरुष वोटर 1809486 एवं महिला वोटर 1619542 एवं अन्य 131 सहित कुल 3429159 वोटर है। उन्होंने बताया कि सम्भाजन के उपरान्त आयोग द्वारा अनुमोदित उपरोक्तानुसार मतदेय स्थल का प्रकाशन कर दिया गया है। जन साधारण की जानकारी हेतु जनपद की वेबसाइट जौनपुर डाट एन आइ सी डाट इन पर भी अपलोड कर दिया गया है। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप एवं मतदाता चुनाव पाठशाला के माध्यम तथा प्रेस विज्ञप्ति, सोशल मीडिया, व्हाटसएप, फेसबुक, यू–टयूब, इन्स्टाग्राम आदि लाइव के माध्यम से प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है। वोटर हेल्पलाइन एप एन्ड्रायड मोबाइल पर प्ले स्टोर से डाउनलोड कर इन्स्टाल किया जा सकता है, उक्त एप पर निर्वाचन संबंधी विभिन्न जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। 01 नवम्बर 2021 को आलेख्य प्रकाशन हेतु आयोग के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर समस्त तैयारियां या मतदाता सूची प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रपत्रो बीएलओं के उपयोगार्थ लेखन सामग्री आदि बीएलओ को प्राप्त कराने हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध करा दी गई है। पुनरीक्षण अवधि में बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर छूटे हुये मतदाताओं का नाम सम्मिलित किये जाने हेतु फार्म–6, मृतक, डबल, शिफ्टेड मतदाताओं के नाम विलोपित किये जाने हेतु फार्म–7 तथा यदि सूची में कोई त्रुटि है तो प्रविष्टि के संशोधन हेतु फार्म–6 तथा यदि किसी मतदाता का नाम उसी विधान सभा के किसी दूसरे भाग संख्या में अंकित है और वह दूसरे भाग संख्या में अपना नाम स्थानान्तरित कराना चाहता है तो फार्म–6 तथा यदि किसी मतदाता का नाम उसी विधान सभा के किसी दूसरे भाग संख्या में अकित है और वह दूसरे भाग संख्या में अपना नाम स्थानान्तरित कराना चाहता है तो फार्म–8ए भरवाने का कार्य करेगें। उक्त अवधि में विशेषतया 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाता एवं महिला मतदाताओं के नामों को सम्मिलित किये जाने हेतु विशेष प्रयास सुनिश्चित किया जायेगा। पुनरीक्षण अवधि के अन्तर्गत विशेष अभियान तिथियों 7, 13, 21 एवं 27 नवम्बर 2021 को समस्त बीएलओ अपने नियत मतदेय स्थल पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक उपस्थित रहकर दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य सुनिश्चित करेगें। उक्त अवधि में बीएलओ द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हीकरण का कार्य भी किया जायेगा यदि किसी दिव्यांग का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो फार्म–6 भरवाकर नाम सम्मिलित कराने की कार्यवाही करेगें। उक्त अवधि 80 आयु वर्ग के ऊपर के मतदाताओं के चिन्हीकरण का कार्य भी बीएलओ द्वारा किया जायेगा क्योंकि आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांगध80 आयुवर्ग के ऊपर के मतदाताओं को पोस्टल बैलट की सुविधा प्रदान किया जाना है। युवा/महिला मतदाताओं के जागरूकता हेतु जनपद के समस्त महाविद्यालयों/विद्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित कर कैम्पस एम्बेसडर नियुक्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने हेतु फार्म प्राप्त कर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्राप्त कराना सुनिश्चित किया जाय। समस्त बीएलओ के मोबाइल पर आयोग द्वारा निर्मित गरुड़ एप डाउनलोड करा दिया गया है। जिसके माध्यम से मतदेय स्थलों पर लैटीट्यूड एवं लांगीट्यूड, मूल भूत सुविधा आदि विवरण अपलोड किया जायेगा तथा उक्त एप के माध्यम फार्मों के निस्तारण की कार्यवाही भी की जायेगी। पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त दावे/आपत्तियों के निस्तारण हेतु आयोग द्वारा जनपद में कुल 09 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 27 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं 61 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नामित किये गये है। उपरोक्त सभी अधिकारियों के आयोग के निर्देशानुसार लागिन आईडी तैयार कराई जा चुकी है। आयोग से प्राप्त निर्देश के क्रम में निर्वाचन की विभिन्न प्रक्रियाओं में नियुक्त होने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, यथा बी.एल.ए, अभ्यर्थी पोलिंग एजेन्ट, काउन्टिग एजेन्ट, निवार्चन अभिकर्ता आदि के डबल डोज वैक्सीनेशन कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

## धर्मांतरण के विरोध मे बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने थाने मे किया हंगामा

कानपुर ब्यूरो : शाम को बाबू पुरवा थाने में एक हिंदू परिवार की लड़की को एक मुस्लिम परिवार का लड़का 4 दिन से अपने घर पर रखे था और लव जिहाद को अंजाम दे रहा था जैसे ही बाबू पुरवा के निवासी



और बजरंग दल कार्यकर्ता श्री रवि जी भाई साहब को सूचना मिली उन्होंने श्री दिलीप सिंह बजरंगी जी , को सूचना दी दिलीप जी पूरी बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उस विधर्मी को पकड़कर बाबू पुरवा थाने ले जाया गया और वहां पर उस विधर्मी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करी गई। जिसमे मुख्य रूप सेअर्चना तिवारी विभाग संयोजिका मातृ शक्ति, मिनाक्षी पाण्डेय जिलासंयोजिका मातृ शक्ति कानपुर उत्तर, दीपिका सिह नगर संयोजिका नगर संयोजिक छत्रशाल नगर कानपुर दक्षिण,राघव द्विवेदी जी, राजेश त्रिपाठी गपोल जी, ऋषि जी, संस्कार जी, सौरभ जी, विशाल जी, राजू जी, समीर जी, सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय एवं ग्राम पंचायत मिश्रमऊ का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन जी०एस० प्रियदर्शी/नोडल अधिकारी जनपद जौनपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय एवं ग्राम पंचायत मिश्रमऊ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 05 के अनुराग से गणित के प्रश्न हल करवाये। प्रधानाध्



यापक द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कुल 153 बच्चों का नामांकन है। उन्होंने बच्चो के ड्रैस, किताब, जूते, मोजे के वितरण के सम्बंध में बेसिक शिक्षाधिकारी से जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि 04 दिन बच्चे लगातार नही आ रहे तो आने का कारण अवश्य पता करें। उन्होंने आंगनबाड़ी भवन बनाए जाने के लिए निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने 02 बच्चों का अन्नप्राशन एवं तीन गर्भवतीयो की गोद भराई भी करायी। गाँव के निरीक्षण के दौरान बनाये गए शौचालय एवं सोख्ता देखा और निर्देश दिया कि शौचालयों पर लाभार्थियों का नाम लिखा जाए। तालाब के सुंदरीकरण कार्य मे प्रगति लाने एवं लाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिए जाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## घर पर पाकिस्तानी झंडा लगाकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगानें वाला गिरफ्तार



वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में शुक्रवार को एक युवक ने अपने घर की छत पाकिस्तान का झंडा लगा दिया। आरोप है कि शाम को उसने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, जब इसकी सूचना पुलिस को मिली तो हरकत में आई। पुलिस ने युवक को झंडा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, वाराणसी के राजातालाब थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में मोहम्मद ताज पुत्र शेखू ने अपने घर पर पाकिस्तान का झंडा लगा दिया। इस दौरान देर शाम झंडा लगाने के बाद वह पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगा रहा था। इसकी सूचना जक्खिनी पुलिस चौकी को मिली। पुलिस चौकी के प्रभारी पंकज सिंह ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पाकिस्तान का झंडा नीचे उतरवाया। उन्होंने झंडा लगाने वाले युवक को गिरफ्तारी कर लिया। देर शाम पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## डॉ विवेक श्रीवास्तव को मिली दोहरी सफलता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ विवेक श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित प्रवक्ता परीक्षा (पी जी टी) कॉमर्स में उत्तर प्रदेश में सामान्य वर्ग में प्रथम स्थान और आल ओवर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ।और इसके साथ ही साथ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा



चयन बोर्ड द्वारा आयोजित टी जी टी कॉमर्स की परीक्षा में भी सफलता मिली है।जनपद गोण्डा के साहबगंज के निवासी डॉ विवेक श्रीवास्तव जनपद में ही कॉमर्स क्लासेज नाम की प्रतिष्ठित संस्था का विगत 10 वर्षों से संचालन करते रहे है और आज आया यह परिणाम उनकी निष्ठापूर्वक और मेहनत से छात्रों को पढ़ाने की लगन की बानगी है।डॉ विवेक अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्री गायत्री प्रसाद श्रीवास्तव और माता श्रीमती शीला श्रीवास्तव के बचपन से ही कुशल मार्गदर्शन और समय समय पर लिए गए कड़े फैसलो को देते है।उनकी इस उपलब्धि पर समस्त परिजनों में अत्यंत हर्ष और उल्लास का माहौल है। जनपद के समस्त सुभेछु और बुद्धजीवियों का कहना है कि इतनी बड़ी सफलता से जनपद का मान और सम्मान प्रदेश स्तर पर हुआ है जिसके लिए डॉ विवेक श्रीवास्तव बधाई के पात्र है।

## क्या है जीवन की वास्तविक संपन्नता –सुरेन्द्र शर्मा स. समीक्षा अधिकारी

लखनऊ ब्यूरो : जीवन को जीने और जीवन को काटने में बहुत बड़ा अंतर होता है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और संपन्नता का सृजन सबसे पहले उसके मानस पटल पर होता है। संपन्नता के विषय में आज हमारे समाज का नजरिया यह है कि जिसके पास भौतिक संपत्ति अर्थात अत्यधिक धन– संपदा है, वही व्यक्ति संपन्न है, किंतु इसके विपरीत यदि हम अपने आध्यात्मिक ग्रंथों पर नजर डालें तो उनका सिद्धांत इसके बिल्कुल विपरीत है। हमारे आध्यात्मिक महापुरुषों ने वास्तविक संपन्न व्यक्ति उसे माना है जो वास्तव में मानसिक रूप से समृद्धि हो। क्योंकि यदि मनुष्य आंतरिक रूप से समृद्धि एवं संतुष्ट नहीं है तो बाहर की भौतिक समृद्धि भी उसे सुख की अनुभूति नहीं करा सकती है। प्रायः हम देखते हैं कि समाज में कुछ लोगों के पास धन– संपदा एवं भौतिक सुख–सुविधाओं की कोई कमी नहीं होती है, इसके बावजूद भी वह लोग अपने जीवन से संतुष्ट नहीं होते हैं। वे लोग अत्यधिक प्रसिद्धि की व्यर्थ कामना उनके मानसिक पटल को अशांत और तनावग्रस्त बना देती है। इसके अतिरिक्त कुछ लोग धन के अभाव में भी आंतरिक रूप से संतुष्ट हैं तथा जिसने अपनी वर्तमान स्थिति एवं वास्तविकता के साथ सही संतुलन बना लिया है वह व्यक्ति धन संपदा के अभाव (कमी) में भी अपने आप को सुखी एवं आनंदित महसूस करता है। आध्यात्मिक ग्रंथों में भी मानसिक संतुष्टि को ही सर्वोपरि धन माना गया है। जो लोग सदैव भौतिक साधनों की लालसा में लिप्त रहते हैं, वह लोग अत्यधिक लोभ–लालसा के वशीभूत होकर उस धनसंपदा के आनंद की भी अनुभूति नहीं कर पाते जो उनके पास होती है। तथा अपनी अंतहीन (जिसका कोई अंत ना हो) लालसा में पूरी तरह लिप्त होकर प्रायः ऐसे लोग अपना जीवन व्यर्थ की चीजों में गवा देते हैं। ऐसे मनुष्य मानसिक रूप से दरिद्रता की श्रेणी में आते हैं। हमारे दार्शनिकों का भी मानना है कि जिस व्यक्ति की लालसा (तृष्णा) पूरी तरह बढ़ गई हो, वह दुनिया का सबसे



बड़ा निर्धन है। ऐसे व्यक्ति अपने जीवन में कभी भी आंतरिक रूप से आनंद का अनुभव करने में सक्षम नहीं हो सकता है। यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि हमारी मानसिक अवस्था ही हमारी समृद्धि एवं दरिद्रता के निर्धारण की महत्वपूर्ण कारक है। जो मनुष्य तनावमुक्त जीवन जी रहा है तथा बिना किसी विषाद(दुख) के सुकून से सो रहा है, वही वास्तविक रूप से समृद्धि और संपन्न व्यक्ति है। हम में से प्रत्येक व्यक्ति को अपने पूरे जीवन काल में एक शब्द अवश्य जोड़ लेना चाहिए, वह शब्द है ''संतुलन'' यदि हमने अपने जीवन में संतुलन शब्द अपना लिया तो हम सदैव सुखी एवं आनंदित जीवन जी सकते हैं, क्योंकि किसी चीज की अधिकता भी हमारे लिए घातक और विनाशकारी है तथा बहुत कमी भी नुकसानदायक है किंतु यदि हम संतुलन बनाकर चले तो यह सदैव हमारे लिए हितकर साबित होगी। इसलिए भौतिक लालसा के पीछे इतना मत भागो कि अपनी आंतरिक संतुष्टि एवं सुख–चौन को भी खो बैठो। क्योंकि हम सभी को अच्छी तरह पता है कि हम सभी का जीवन और काया (शरीर) दोनों नाशवान एवं अल्पकालिक है।हमारे जीवन की लीला का कब अंत हो जाए इसका अंदाजा किसी को भी नहीं है, किंतु इसके बावजूद भी हम सभी आपस में प्रेम, खुशियां एवं एक –दूसरे का सुख –दुख बांटने के बजाय धन –संपदा इकट्ठा करने की प्रतियोगिता कर रहे हैं, और इस अंतहीन (जो कभी समाप्त न हो) प्रतियोगिता के जाल में फंसकर अपनी खुशहाल जिंदगी को दिखावे के आडंबर में पूरी तरह नष्ट करके, एक दिन स्वयं मौत की गाल में समा जाते हैं। और पूरा जीवन निरर्थक बनकर रह जाता है।

## स्वीप व ईएलसी मास्टर ट्रेनर कार्यशाला हुई सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत डिस्ट्रिक्ट लेवल मास्टर ट्रेनर की कार्यशाला वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। जिसमें संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश केशव कुमार ने प्रशिक्षण दिया। जौनपुर से डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर स्वीप हेतु सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा व डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर ईएलसी हेतु रमेश चंद्र यादव ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उद्देश्य मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए, निर्वाचन साक्षरता बढ़ाते हुए सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु व मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाना है।

## जान की परवाह न करते हुए भाजपा नेता देश निर्माण में लगे: आलोक सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भाजपा जिला कार्यालय पर सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में मुख्य अतिथि सह संयोजक सहकारिता उत्तर प्रदेश आलोक सिंह ने कहा कि सहकारिता में बिना किसी लोभ के जनकल्याण के लिए शुरू किया गया था पर बीच समय काल में ऐसी दीमक लगी जिसने सहकारिता की मूल भावना को आहत किया पर जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आती है सभी सहकारी संस्थाएं धीरे धीरे पटरी पर आ रही है। हरदोई का केंद्रीय उपभोक्ता भंडार सहकारिता में जनपद का स्वर्णिम मॉडल है...सहकारिता से जुड़ने वाले लोगो को सेवा के साथ कर्तव्य का भी पालन करना चाय तभी सहकारिता का लाभ सभी को मिल पाएगा। वर्ष 2023 सहकारिता के भविष्य को बदलने जा रहा है। सह संयोजक सहकारिता अवध क्षेत्र राजीव कुमार त्रिवेदी ने कहा कि सहकारिता का इतिहास ११७ साल पुराना है, उस इतिहास से आज के वर्तमान में सहकारिता ने एक लंबा सफर तय किया। भाजपा ने सहकारिता में जान फूकने के लिए कृषि मंत्रालय से अलग कर सहकारिता मंत्रालय का विभाग अमित शाह को देकर एक अमूल चूल परिवर्तन किया। सहकारिता में बंद पड़ी संस्थाओं और सोसाइटी को दोबारा शुरू करवाने का काम किया। पूर्व की सरकारों ने देश को लूटने का काम किया जिसमे सहकारिता भी अछूता नहीं रहा और यह रूप देखने को मिला कि देश भर की सहकारी बैंकों वा अन्य संस्थाओं को बंदी के दौर से गुजरना पड़ा। क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र से मनीष सहनी ने कहा सहकारिता के क्षेत्र में एलडीबी बैंक को उबारने के लिए भाजपा सरकार ने पैकेज का ऐलान किया। सोसायटी से किसानों को पारदर्शी तरीके से खाद आदि उपलब्ध हो सके, इसके लिए भाजपा सरकार विशेष कार्ययोजना बना रही है साथ ही सोसायटी की खरीद पर्ची पर उसे बिना को अन्य शुल्क दिए बीमा का भी लाभ मिलेगा। आगामी चुनाव को देखे तो जनता की आकांक्षा पर वर्तमान सरकार 100 प्रतिशत खरी उतरी। प्रदेश से लेकर देश तक में बह रही विकास की बयार को हर आदमी महसूस कर रहा है। मेट्रो, नए हाईवे, मेडिकल कॉलेज, माफिया मुक्त वातावरण, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, ऊर्जा क्षेत्र में गांव गांव तक बिजली पहुंचना, 24 घंटे बिजली उपलब्ध हैं, रोजगार क्षेत्र में लाखों युवाओ को रोजगार देना, कोरोना वक्सिनेशन से आधी से ज्यादा आबादी कवर किया। हमें याद रखना है कि 2022 की सरकार ही 2024 की सरकार का मार्ग प्रशस्त




करेगी। जिला सयोजक सहकारिता रामनाथ त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार ने सहकारिता में जान फूक दी अन्यथा पूर्व की सरकारो ने सहकारिता को लोगो का उत्थान करने की जगह लूट की दुधारू गाय बना दिया था। जिले में सहकारिता की अचल संपत्तियों पर अवैध कब्जा है या फिर विरान पड़ी है। भाजपा सरकार ने सहकारिता मंत्रालय बनाकर गांव गांव के विकास का प्रण लिया। सहकारिता की गांव गांव में बनी सोसायटी से जुड़ा हर व्यक्ति भाजपा संघठन और सरकार के लिए एक अमूल्य धरोहर है। गोष्ठी में जिला सह संयोजक सहकारिता अमित गुप्ता, राजेंद्र सिंह राजन, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष विद्या राम वर्मा, अमित दीक्षित, कुलभूषण सिंह, संग्राम सिंह मौजूद रहे। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्रा सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे की उपस्थिति में आधा सैकड़ा लोगों ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता हेतु जारी नंबर पर मिस्ड कॉल कर सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में भडायल निवासी शैलेश अवस्थी अमन तिवारी प्रताप नगर चौराहा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, वालेकुम या प्रधान शत्रुघन यादव प्रधान पति थोककबूलपुर राम सागर पूर्व प्रधान भौताकमालपुर बलिराम, प्रधान कमालपुर सर्वेश जिला सचिव किसान यूनियन जगरूप भारती पूर्व प्रधान सरदापुर बबलू सहित आधा सैकड़ा लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की।

